06 शिक्षा सत्र शुरू, लेकिन शिक्षक नहीं, मुलताई के स्कूलों...




07 सिवनी मालवा में राजस्व विभाग की कार्रवाई से...



### आरोपी शिक्षक पर केसला पुलिस ने दर्ज किया मामला

# बीड़ी लाने से मना करने पर प्राथमिक शाला के शिक्षक ने मासूमों को पीटा

आदिवासी अंचल के केसला ब्लाक ग्राम रतिबंदर स्थित एक प्राथमिक शाला में शिक्षक ने बर्बता पूर्वक बच्चों को पीटा जिसकी शिकायत थाने में दर्ज हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला ब्लॉक के ग्राम रतिबंदर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला से एक बेहद हैरान और विचलित करने वाला मामला सामने आया है। बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जिम्मेदारी उठाने वाले एक शासकीय शिक्षक पर ही मासूम छात्र-छात्राओं के साथ बेरहमी से मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित बच्चों के परिजनों की शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निलंबन के लिए लिखा था पत्र

विभाग ने आरोपी शिक्षक के निलंबन की कार्रवाई सहायक आयुक्त को पत्र भेजकर शुरू की थी। बीआरसी रत्ना सोनिया ने बताया कि नवंबर 2025 में मॉनिटरिंग के दौरान शिक्षक द्वारा पुस्तक बेचने और पढ़ाई से संबंधित अन्य शिकायतें विभाग को भेजी गई थीं।



### क्या है पूरा घटनाक्रम?

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार, 2 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे की है। ग्राम रतिबंदर निवासी शिवप्रसाद तेकाम 40 वर्ष ने थाना केसला में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वह दोपहर में अपनी 6 वर्षीय बेटी निकिता कक्षा पहली को स्कूल से लेने गए, तो बच्ची रो रही थी। पूछने पर मासूम ने बताया कि स्कूल के मास्टर साहब गोपाल गिरी गोस्वामी ने उसके साथ हिंसक व्यवहार करते हुए उसका गला दबाया।

### परिजनों की मुस्तैदी से थाने पहुंचा मामला

मासूम बच्चों के साथ हुई इस बर्बरता और अमानवीय व्यवहार के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर केसला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को गंभीरता से लिया है।

### नशें में मिला शिक्षक

जिनमें आरोपी शिक्षक कथित रूप से शराब के नशे में कक्षा के फर्श पर लेटा हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद ही विभागीय कार्रवाई क्यों शुरू हुई। केसला पुलिस ने आरोपी शिक्षक गोपाल गिरी गोस्वामी उम्र 50 वर्ष, निवासी शासकीय प्राथमिक शाला रतिबंदर, मूल निवासी डिवाइन सिटी कॉलोनी, नर्मदापुरम के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### बीड़ी लाने से मना करने पर भी की मारपीट

जब पीड़ित छात्रा के पिता स्कूल परिसर में मौजूद थे, तभी गांव के ही सोनी भलावी भी वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि शिक्षक गोपाल गिरी ने उनके 8 वर्षीय बेटे सौरभ भलावी को भी जूतों से पीठ पर बुरी तरह पीटा है। इसके अलावा, स्कूल के ही एक अन्य बच्चे आकाश पिता दिनेश भलावी ने जब शिक्षक के लिए बीड़ी लाकर देने से मना कर दिया, तो आरोपी शिक्षक ने उसके साथ भी मारपीट की। बताया जाता है कि उक्त शिक्षक शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

# एडीजे को दी कत्लेआम की धमकी हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया मामला

### मॉब लिचिंग मामले में फैसला देने वाली सिवनी मालवा एडीजे तबस्सुम खान की बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिवनी मालवा एडीजे तबस्सुम खान को कत्लेआम की धमकी देने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने डीजीपी ओर से तीन दिन के भीतर हलफनामा मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। इससे पहले नर्मदापुरम में मॉब लिंचिंग केस में 14 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने कहा कि किसी न्यायिक अधिकारी को सिर्फ इसलिए धमकाया नहीं जा सकता कि उसका फैसला किसी वर्ग को पसंद नहीं आया। कोर्ट ने इसे न्यायिक व्यवस्था पर दबाव बनाने की कोशिश माना। आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट पर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने भी नाराजगी जताई। संगठन ने कहा कि न्यायिक आदेश को चुनौती अपीलीय अदालत में दी जानी चाहिए। जजों को धमकाना और बदनाम करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### यह था मामला

12 जून को एडीजे तबस्सुम खान ने चर्चित मॉब लिंचिंग मामले में 14 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद हिंदू संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने वीडियो जारी कर कहा था- 10 दिन में हमारे सभी हिंदू भाई रिहा नहीं होते हैं, तो देश-प्रदेश में कत्लेआम होगा। एक अन्य वीडियो में महिला ने जज को धमकाते हुए कहा था- एक मुस्लिम जज बन गई और उसने अपनी औकात दिखा दी। जिहादी जज बन गई। हमारे 14 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। तुम्हें इसका दंड तो भोगना पड़ेगा।

### होगी कार्रवाई

पुलिस ने वायरल वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि उनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली, पोस्ट पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### आपत्तिजनकर दिया भाषण

दूसरे राज्यों से सिवनी मालवा आकर भड़काऊ भाषण देने वालों में दिल्ली के दक्ष चौधरी और बृजबिहारी सरकार (अनिकेत शास्त्री) के नाम सामने आए हैं। बृजबिहारी सरकार ने गो तस्करों और 'जिहादियों' को गोली मारने की धमकी देते हुए कहा था- हम पर जो भी कार्रवाई करनी है, कर लो।

### पहचान नहीं

एसपी साईं कृष्णा ने बताया कि 13 दिन पहले केस दर्ज हुआ था, लेकिन अब तक आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। धमकी देने वाले दूसरे राज्यों के हैं। बाहरी राज्यों से सिवनी मालवा आकर भड़काऊ भाषण देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 4 साल पुराना नाम

मामला 3 अगस्त 2022 का है, जब महाराष्ट्र के अमरावती जा रहे एक ट्रक को सिवनी मालवा के बराखड़ गांव के पास रोक लिया गया था। ट्रक में करीब 30 मवेशी थे। आरोप था कि ग्रामीणों और गो-रक्षकों की भीड़ ने ट्रक में सवार 3 लोगों को घेरकर लाठी-डंडों से पीटा। हमले में घायल ट्रक ड्राइवर को पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची, जहां नाजिर अहमद की मौत हो गई थी।

# आज मंडी में नहीं होगी उपज की आवक, मंडी न जाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में आज शनिवार, 4 जुलाई 2026 को कृषि उपज की आवक का प्रवेश मंडी प्रांगण में पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय मंडी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों द्वारा दिए गए आवेदन और व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए लिया गया है।मंडी सचिव के अनुसार, शनिवार को बैंकों द्वारा नकद राशि का आहरण नहीं हो पाने के कारण व्यापारियों को भुगतान में समस्या आ रही है।



वर्तमान में मंडी प्रांगण में फसलों की आवक अत्यधिक हो चुकी है और वर्षाकाल के कारण फसलों के भीगने और खराब होने की भी प्रबल आशंका बनी हुई है।इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मंडी प्रशासन ने यह कदम उठाया है। मंडी समिति ने समस्त कृषकों, व्यापारियों, हम्माल तथा तुलावटियों को इस संबंध में सूचित कर दिया है।

# पैगम्बर मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप, सामाजिक संगठनों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद साहब और इस्लाम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज में जबरदस्त आक्रोश है। शुक्रवार को इटारसी में तंज़ीम इस्लाहुल मुस्लेमीन ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और नाजिया इलाही खान के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। तंजीम के संस्थापक फिरोज खान चिश्ती ने बताया कि पश्चिम बंगाल के राजारहाट निवासी नाजिया इलाही खान ने सोशल मीडिया वीडियो में पैगंबर मोहम्मद मुस्तफा सल्लललाहो अलैह वसल्लम, उम्मुल मोमिनीन जो कि मोमिनों की मां सैयदा आयशा हैं और इस्लाम धर्म पर अत्यंत अशोभनीय व भड़काऊ टिप्पणियां की हैं। आरोप है कि



नाजिया ने एक वीडियो में यहां तक कहा कि मुख्यमंत्री बनीं तो सभी मस्जिद-दरगाह तुड़वा देंगी।मुसलमान अपने पैगंबर से परिवार और दुनिया की हर चीज से बढ़कर मोहब्बत करते हैं। इस तरह के बयान करोड़ों भारतीय मुसलमानों की आस्था को गहरी चोट पहुंचाते हैं। ये बयान समाज में वैमनस्य,तनाव और धार्मिक उन्माद फैला सकते हैं।

# हाई स्कूल तरोदा में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, थाना प्रभारी ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम तरोदा स्थित हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पथरौटा थाना प्रभारी मोनिका गौर ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सतर्क रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि साइबर फ्रॉड होने पर बिना समय गंवाए तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज



कराएं ताकि राशि होल्ड की जा सके। इसके अलावा, किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपातस्थिति में तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस की मदद लें।

उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है, वे जिम्मेदार नागरिक बनकर पुलिस का सहयोग करें। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य डॉ. आर. अभ्यंकर, शेखर चौरे, श्याम गालर, कुलदीप पटेल, शुभम पटेल सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने ली राजस्व शाखा की बैठक, कर की वसूली शतप्रतिशत करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कर वसूली की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा राजस्व शाखा, जल प्रदाय शाखा सहित के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली। साथ ही कर वसूली में तेजी, अवैध नल कनेक्शन को वैध करने आदि के निर्देश दिए।

लकार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि परिषद के निर्णय अनुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी देशमुख द्वारा बैठक के दौरान अवैध नल कनेक्शन से जलकर वसूली, राजस्व शाखा को वर्ष 2026-2027 चालू वर्ष व



बकाया वर्ष की शतप्रतिशत वसूली एवं समस्त करो की वसूली करने तथा अवैध नल कनेक्शनों के वैधीकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में उपयंत्री आयुषी रिचरिया, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, कार्यालय अधीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षक शेख अकबर, दाताराम सगर, सुनील अवस्थी, दिलावर बेग, शैलेंद्र साहू, राजेश दीवान, मयंक चौबे, राजकुर, दुर्गेश सोनानिया, योगेश पटेल, रवि सूर्यवंशी, उपदेश गौर,अमन मिश्रा व समस्त राजस्व शाखा व जलप्रदाय शाखा उपस्थित रहीं।

# कार्यभार सौंपते समय कुर्सी को लेकर विवाद आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी स्टेशन स्थित 'सवारी और माल डिब्बा विभाग' में वरिष्ठ खंड अभियंता के पदभार ग्रहण के दौरान एक कुर्सी को लेकर अजीबोगरीब विवाद सामने आया है।

बताया जा रहा है कि पूर्व वरिष्ठ खंड अभियंता शिवशंकर वर्मा अपने तबादले के बाद कार्यालय की वह कुर्सी अपने घर ले गए, जिस पर वह बैठते थे। उनका तर्क है कि अपने कार्यकाल के दौरान रेलवे की कुर्सी के बजाय वह अपनी निजी कुर्सी का उपयोग कर रहे थे। वहीं, नए प्रभारी ने उस कुर्सी को कार्यालय में ही छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने



ठुकरा दिया। यह मामला अब कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पूरी घटना पर रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। यदि जांच में यह कुर्सी रेलवे की संपत्ति पाई जाती है, तो प्रशासनिक जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी।

# अवैध नल कनेक्शन अब होंगे वैध, इटारसी नगर पालिका चलाएगी विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। स्थानीय विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देशन में अब शहर के अवैध नल कनेक्शनों को वैध (नियमित) करने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। आज नगर पालिका सभागार में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव की अध्यक्षता में हुई एक अहम समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। विधायक और अध्यक्ष की मंशानुसार, सीएमओ ने उप यंत्री आशीष देशभ्रतार और राजस्व टीम को निर्देश दिए हैं कि वे विशेष




अभियान चलाकर नागरिकों को प्रेरित करें और नियमों के तहत अवैध नल कनेक्शनों को वैध करें। इससे जहां जनता को राहत मिलेगी, वहीं नपा का राजस्व भी बढ़ेगा। जल शाखा प्रभारी आदित्य पाण्डे और पंप ऑपरेटरों को सख्त हिदायत दी गई है कि शहर के किसी भी वार्ड में जल संकट नहीं होना चाहिए। तय समय पर शुद्ध पानी की सप्लाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने टैक्स कलेक्शन की समीक्षा करते हुए सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को वार्डों में एक्टिव होकर बकाया वसूली तेज करने के कड़े निर्देश दिए हैं। जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में चल रहे विकास कार्यों और शासकीय ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शहीद हवलदार संतोष जाट का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिवनी मालवा तहसील के ग्राम जाट गुराड़िया निवासी भारतीय सेना के हवलदार संतोष कुमार जाट देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। उनके शहीद होने की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर गृहग्राम पहुंचने पर हजारों लोगों ने अंतिम दर्शन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाद में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहीद हवलदार संतोष कुमार जाट, स्वर्गीय हेमराज जाट के पुत्र थे और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित बागडोगरा बॉर्डर पर तैनात थे। इस दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया भी शहीद के अंतिम दर्शन के लिए उनके गृहग्राम पहुंचीं। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### शहर के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे हैं प्रयास

# ओवरब्रिज पर नीले ड्रमों में लहलहाए पौधे, नपा अध्यक्ष और सीएमओ की इस 'अनोखी पहल' ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कंक्रीट के जंगलों के बीच अगर आपको नीले ड्रमों में मुस्कुराते हुए हरे-भरे पौधे दिखें, तो समझ जाइए आप इटारसी के ओवरब्रिज से गुजर रहे हैं! शहर को स्वच्छ, सुंदर और 'ग्रीन सिटी' बनाने के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव ने एक बेहद शानदार और इको-फ्रेंडली शुरुआत की है।

### कबाड़ से जुगाड़

वेस्ट मैनेजमेंट की मिसालनगर पालिका ने कमाल का 'इनोवेशन' करते हुए वेस्ट प्लास्टिक के नीले ड्रमों को खूबसूरत प्लांटर्स (गमलों) में बदल दिया है। इन ड्रमों को ओवरब्रिज के डिवाइडर पर एक कतार में रखकर उनमें सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है।

### डबल फायदा



इससे एक तरफ तो ओवरब्रिज बेहद खूबसूरत और आकर्षक दिखने लगा है, वहीं दूसरी तरफ जनता को रीसाइक्लिंग और वेस्ट मैनेजमेंट का बेहतरीन संदेश मिल रहा है। ये नीले ड्रम अब राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। नगर पालिका की इस सकारात्मक और अनोखी सोच की पूरे शहर में जमकर तारीफ हो रही है। लोग इसे इटारसी के सौंदर्यीकरण में एक बड़ा और अनूठा कदम मान रहे हैं।

### हरित शहर के रूप में पहचान

"हमारा लक्ष्य इटारसी को सिर्फ साफ रखना नहीं, बल्कि इसे एक हरित शहर के रूप में पहचान दिलाना है। ओवरब्रिज पर किया गया यह वृक्षारोपण इसी दिशा में हमारा एक प्रयास है।"

पंकज चौरे, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद इटारसी

### सीमित संसाधनों में प्रयास

"सीमित संसाधनों के बावजूद अगर सोच इनोवेटिव हो, तो शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। प्लास्टिक ड्रमों का पुनर्चक्रण कर बनाए गए ये प्लांटर्स शहर के गौरव को बढ़ा रहे हैं।"

सुरेखा जाटव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी

# 38 पेटी अवैध देशी-विदेशी मदिरा सहित दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा के मार्गदर्शन में नवागत जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी की टीम ने शुक्रवार को आबकारी विभाग द्वारा नर्मदापुरम शहर के बालागंज क्षेत्र में आकस्मिक दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत आरोपी संगीता पत्नी महेंद्र मेषकर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर 33 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई। वहीं एक अन्य स्थान पर गुड्डी बाई पत्नी ब्रह्मा मेषकर के विरुद्ध धारा 34(1)(क) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर 5 पेटी देशी मदिरा बरामद की गई।

दोनों प्रकरणों में कुल 38 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई वृत्त प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार के नेतृत्व में संपन्न हुई। अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल कुमार ढोके तथा आबकारी उपनिरीक्षक अशोक माहोरे, अभिलाष पाठक एवं के.के. पड़रिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई में आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक रघुवीर प्रसाद निमोदा, दुर्गाप्रसाद माँझी तथा आरक्षक मदन रघुवंशी, धर्मेंद्र बारंगे, राजेश गौर, सुरेश सिकेरिया, दुर्गेश पठारिया एवं सुभावना यादव सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया सत्र शुरू होने के 15 दिन बाद हुई प्रारंभ

# शिक्षा सत्र शुरू, लेकिन शिक्षक नहीं, मुलताई के स्कूलों को 166 अतिथि शिक्षकों का इंतजार

## एक माह तक शिक्षकों की कमी से जूझेंगे विद्यालय, संदीपनि विद्यालय में भी पद रिक्त

असलम अहमद ⏭ मुलताई

प्रदेश सरकार शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं इन दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया है। नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ हो चुका है, जबकि अतिथि शिक्षकों की ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया 30 जून से शुरू की गई। ऐसे में मुलताई विकासखंड के विद्यालयों में लगभग 166 शैक्षणिक पद लंबे समय तक रिक्त रहेंगे और विद्यार्थियों को शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ेगा। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि वर्तमान में केवल शैक्षणिक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई है। वहीं डांस, संगीत, कंप्यूटर और खेल जैसे विषयों के गैर-शैक्षणिक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अब तक प्रारंभ नहीं हुई है। ऐसे में इन विषयों की पढ़ाई भी प्रभावित होने की आशंका है।

### संदीपनि विद्यालय भी शिक्षकों के अभाव से प्रभावित




विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने संदीपनि विद्यालय परियोजना प्रारंभ की थी। मुलताई संदीपनि विद्यालय में गत वर्ष 10 अतिथि शिक्षक कार्यरत थे, लेकिन नए सत्र में अब तक उनकी नियुक्ति नहीं हो सकी है। इसके अलावा दो गैर-शैक्षणिक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति भी लंबित है। इस वर्ष की स्थानांतरण नीति के तहत संदीपनि विद्यालय से चार शिक्षकों का स्थानांतरण हो चुका है। उनके स्थान पर किन शिक्षकों की पदस्थापना होगी, इसकी जानकारी भी अभी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति केवल इस वर्ष की नहीं है। लगभग हर वर्ष शिक्षा सत्र शुरू होने के कई सप्ताह बाद तक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया चलती रहती है, जिसका सीधा असर शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ता है।

### गर्मी की छुट्टियों में पूरी हो सकती थी नियुक्ति प्रक्रिया

जानकारों का मानना है कि अब अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो चुकी है, इसलिए इसे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ही पूरा किया जा सकता था। पिछला शैक्षणिक सत्र 30 मार्च को समाप्त हुआ था तथा इसके बाद लगभग डेढ़ माह का अवकाश रहा। यदि इसी अवधि में ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो नए सत्र के पहले दिन से ही अतिथि शिक्षक विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे सकते थे।

### 30 से शुरू हुई ऑनलाइन प्रक्रिया

मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से 30 जून से ऑनलाइन अतिथि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। विभागीय निर्देशों के अनुसार पूर्व में कार्य कर चुके अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विद्यालय प्रभारियों द्वारा चयनित अतिथि शिक्षकों को कार्यभार सौंपा जाएगा। साथ ही शाला प्रभारियों को केवल रिक्त पदों का प्रमाणीकरण करने के बजाय वास्तविक आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की प्रविष्टि करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रकिया प्रारंभ की जाएगी

अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ है। पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया आगामी 8 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाएगी, इसके उपरांत नवीन रिक्त पदों की ज्वाइनिंग 14 जुलाई प्रक्रिया प्रारंभ कर की जाएगी।

**पूनम बरकड़े**, नवागत जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल।

इस वर्ष अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में बहुत अधिक विलंब नहीं हुआ है। स्थानांतरण प्रक्रिया भी देरी का एक कारण रही। यदि पहले अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति कर दी जाती, तो बाद में स्थानांतरण से रिक्त हुए पदों को भरने में और अधिक समय लगता।

**सक्षम बारमाटे**, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मुलताई

## जिला शिक्षा अधिकारी पूनम बरकड़े ने किया पदभार ग्रहण



**बैतूल।** शुक्रवार 3 जुलाई की पूर्वान्ह को वर्ष 2019 बैच की राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सुश्री पूनम बरकड़े ने बैतूल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर पूर्व डीईओ भूपेंद्र वरकडे से चार्ज लेकर सहायक संचालक, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदभार ग्रहण किया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचते ही सुश्री वरकड़े ने सबसे पहले सभी कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका परिचय हासिल किया। वहीं कर्मचारियों ने भी नवागत डीईओ का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा पूर्व डीईओ भूपेंद्र वरकडे को सम्मानित कर विदाई दी गई। गौरतलब रहे कि पिछले दिनों राज्य शासन के निर्देशानुसार श्री वरकड़े का तबादला जिला उमरिया के लिए हो गया था। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारीगण- कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## निर्माण में गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग का आरोप

**शाहपुर।** शाहपुर से कुसमरी तक मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण में गुणवत्ताविहिन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मार्ग में गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। बता दें की टूटी पुलिया बाहर रखी हुई है। पहली बारिश में ही जगह-जगह पुलिया में पानी भर गया है। साथ ही सड़क मार्ग में भी पानी भरा हुआ है। कहीं गिट्टी डाली गई है, तो कहीं गिट्टी का आता-पता ही नहीं है।

## अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**बैतूल।** भड़ूस के पास मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के शवगृह में पहचान के लिए रखवा दिया है। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की जानकारी खंगाल रही है और मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पहचान होने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

बोलेरो ने मारी टक्कर

## सड़क हादसे में किसान की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भैंसदेही थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक सडक़ हादसे में किसान की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। घटना झिरी गांव के पास उस समय हुई जब दंपती अपनी बाइक से पांच डोंगरी से गांव लौट रहे थे।

पुलिस और परिजनों के अनुसार, खेड़ापुर निवासी 39 वर्षीय रंगराव दहीकर अपनी पत्नी भागीरथी के साथ बाइक पर थे। झिरी के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रंगराव के सीने में गंभीर चोटें आईं और उनका पैर भी टूट गया, जबकि उनकी पत्नी भी घायल हो गईं। राहगीरों ने तत्काल दोनों को



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रंगराव दहीकर ने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र प्रकाश दहीकर ने बताया कि यह हादसा बोलेरो की टक्कर से हुआ था। उसी वाहन ने एक अन्य बाइक को भी टक्कर मारी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## विवाद में चले चाकू, 5 आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल/आमला।** आमला पुलिस ने चाकूबाजी की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस के अनुसार, 30 जून को थाना आमला क्षेत्र के ग्राम लालावाड़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास मामूली विवाद के दौरान आरोपियों द्वारा विनोद मोडक़ एवं उसके साथी योगेन्द्र मोडक़ के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई तथा चाकू से हमला कर घायल करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना आमला में धारा 296(बी), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस तथा विवेचना के दौरान धारा 109 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। सूचना के आधार पर 3 जुलाई को घटना में शामिल विकास पिता वारेलाल जोठे (18) निवासी इटारसी, जिला नर्मदापुरम, भानू पिता लिखीराम जोठे, (20) निवासी इटारसी, जिला नर्मदापुरम, नवीन पिता मुकेश मोहबे (22)



निवासी इटारसी, जिला नर्मदापुरम, विकास पिता बसंत यादव (22) वर्ष, निवासी इटारसी, जिला नर्मदापुरम और मोहित पिता मनोज कुमार मालवीय (18) निवासी इटारसी, हाल बस स्टैंड, आमला को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके उपरांत उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय आमला में प्रस्तुत किया गया।

## आमला क्षेत्र में गिट्टी के अवैध परिवहन पर 2 वाहन किए जब्त




**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 3 जुलाई को खनिज विभाग द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ आमला नगरीय क्षेत्र से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 5174 एवं 01 वाहन पॉवरटेक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडई 2082 को जप्त कर पुलिस थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## आयोग के सदस्य धुर्वे 4 जुलाई को शाहपुर दौरे पर

**बैतूल।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे 4 जुलाई को बैतूल जिले के शाहपुर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री धुर्वे शनिवार को प्रातः 9 बजे बैतूल जिले के रामपुर रैयत निज निवास से शाहपुर पहुंचकर नगर के सभी 15 वार्डों का भ्रमण करेंगे। दोपहर बाद 4 बजे सदस्य श्री धुर्वे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पालासपानी रोड शाहपुर सहित उत्कृष्ट कन्या एवं बालक अनुसूचित जनजाति छात्रावास तथा सीनियर कन्या एवं बालक छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, अनुविभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

तीन प्रमुख मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## जनगणना ड्यूटी निभाने वाले शिक्षकों ने मांगा अधिकार, आंदोलन की चेतावनी



**बैतूल।** जनगणना के प्रथम चरण का कार्य ग्रीष्मावकाश में पूरा करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों (शिक्षकों) ने अपने वैधानिक अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद कर दी है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सचिन राय के नेतृत्व में कर्मचारियों ने चिचोली तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपकर अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में दर्ज करने, लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने तथा जनगणना कार्य पूरा होने तक स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार ग्रीष्मावकाश के दौरान जनगणना कार्य करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को नियमानुसार अर्जित अवकाश (अर्न्ड लीव) का लाभ दिया जाना है, लेकिन अब तक संबंधित कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में इसका उल्लेख नहीं किया गया है। इसके अलावा जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण होने के बावजूद अब तक देय मानदेय का भुगतान भी लंबित है। कर्मचारियों ने यह मांग भी उठाई कि जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य का दायित्व सौंपा गया है, उनके स्थानांतरण आदेश जारी होने की स्थिति में भी उन्हें कार्य से मुक्त नहीं किया जाए तथा जनगणना का कार्य पूर्ण होने तक उनके स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए। संगठन का कहना है कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य के दौरान कर्मचारियों के तबादले से कार्य की निरंतरता और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

पिछले साल से ज्यादा बारिश

## जिले में मानसून सक्रिय अब तक 127 एमएम बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 23.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही चालू मानसून सीजन में अब तक कुल औसत वर्षा 209.3 मिमी तक पहुंच गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि की 187.9 मिमी वर्षा से 21.4 मिमी अधिक है।

भू-अभिलेख कार्यालय की दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार, इस मानसून सीजन में चिचोली और घोड़ाडोंगरी तहसील में सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई है। चिचोली में अब तक 353.3 मिमी और घोड़ाडोंगरी में 280 मिमी वर्षा हुई है। मुलताई में 225.8 मिमी, प्रभातपट्टन में 223.2 मिमी, भैंसदेही में 203 मिमी, आमला में 182 मिमी, शाहपुर में 188.6 मिमी, आठनेर में 159.5 मिमी और भीमपुर में 151 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। गुरुवार सुबह 8 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे के बीच, घोड़ाडोंगरी में सबसे अधिक 72 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी अवधि में आमला में 38 मिमी, भैंसदेही में 33 मिमी, प्रभातपट्टन में 27.4 मिमी, शाहपुर में 18 मिमी, बैतूल में 16.4 मिमी, मुलताई में 15 मिमी, आठनेर में 9.2 मिमी और चिचोली में 8 मिमी वर्षा हुई। भीमपुर में इस दौरान कोई बारिश नहीं हुई। बता दे कि जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1083.9 मिमी है। यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश होती रही तो मानसून की रफ्तार और तेज होने की उम्मीद है।

### बारिश के बावजूद उमस से राहत नहीं

अच्छी बारिश के बावजूद, जिले में उमस से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। दिन के समय बादलों और धूप के बीच लगातार नमी बनी रहने से गर्मी का प्रभाव महसूस किया जा रहा है। रात में भी हवा में अधिक नमी के कारण चिपचिपी गर्मी बनी हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, जिले में गरज-चमक के साथ बारिश की प्रबल संभावना है। कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। अगले दो-तीन दिनों तक जिले में बारिश का यह दौर जारी रहने की संभावना है।

## नुक्कड़ नाटक से नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



सामाजिक न्याय विभाग का जन-जागरूकता अभियान

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग भोपाल के शासकीय दल ने बुधवार को जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी पहुंचकर शासन की जन-कल्याणकारी एवं विभागीय हितग्राही योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। दल ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से ग्रामीणों को जागरूक किया। आयुक्त सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार अनुसार, विभागीय दल ने घोड़ाडोंगरी में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नशा न करें, नशा नाश की जड़ है संदेश पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। गीत-संगीत के माध्यम से दल के सदस्यों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और नशे से रहें दूर, जीवन जियें भरपूर का नारा देते हुए उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नीतू सिंह नर्रे ने कहा कि विभाग का उद्देश्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा सामाजिक बुराइयों के प्रति जनचेतना फैलाना है। जिस कारण आयुक्त सामाजिक न्याय विभाग भोपाल द्वारा नुक्कड नाटकों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य विभागीय दल द्वारा किया जा रहा है। जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दल में कलाकार मुकेश तिवारी, वीरेंद्र आदि रहे मौजूद।

## 10 जुलाई को राष्ट्रीय आह्वान पर होगा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**बैतूल।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन ने 10 जुलाई को राष्ट्रीय आह्वान के तहत मांग दिवस पर आंदोलन और प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यूनियन ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है तथा वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई मानदेय राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। यूनियन ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं से आंदोलन में शामिल होकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की है। यूनियन की जिलाध्यक्ष सुनीता राजपाल, उपाध्यक्ष आशा सूरजे और सचिव इंदिरा भारद्वाज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रदेश में लगभग 1.94 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और शिक्षा सहित कई विभागों के कार्यों का दायित्व निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें कार्यस्थलों पर मानसिक प्रताडऩा का सामना करना पड़ता है, जिससे कई कार्यकर्ताओं की मृत्यु हो चुकी है ।

## 43 वर्ष की सेवा के बाद गणेशराव देशमुख सेवानिवृत्त, दी विदाई



**भौंरा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा के वरिष्ठ स्वास्थ्यकर्मी गणेशराव देशमुख गुरुवार को 43 वर्ष 6 माह की शासकीय सेवापूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गणेशराव देशमुख ने 4 जनवरी 1983 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा में वार्डबॉय के पद पर सेवा प्रारंभ की थी। वर्ष 2002 में उन्होंने मलेरिया माइक्रोस्कोपिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं दीं। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित भी किया गया था। विदाई समारोह में बीएमओ डॉ. एस.के. रघुवंशी, डॉ. मयूर साहू, बीपीएम डॉ. क्रांति यादव, बीजीएम बलदेव नागले, आर.जी. शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान गणेशराव देशमुख भावुक हो उठे। उन्होंने कहा, यह अस्पताल मेरे लिए सिर्फ कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार रहा है। 43 वर्ष कब बीत गए, पता ही नहीं चला। यहां के साथियों और क्षेत्र की जनता का स्नेह मैं जीवनभर नहीं भूल पाऊंगा। उनके संबोधन के दौरान उपस्थित कर्मचारियों की आंखें भी नम हो गईं।

भारत भारती शिक्षा समिति ने पद्मश्री मोहन नागर का किया सम्मान

## जल संरक्षण कार्य करने वालों को प्रेरणा देगा पद्मश्री पुरस्कार: नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों देश के सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक पद्मश्री 2026 से अलंकृत हुए जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का भारत भारती शिक्षा समिति द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बुधपाल सिंह जनजाति शिक्षा के राष्ट्रीय सह संयोजक, श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके विधायक घोड़ाडोंगरी, योगेश पंडाग्रे विधायक आमला, सुधाकर पवार भाजपा जिला अध्यक्ष बैतूल, अनिल अग्रवाल सह संगठन मंत्री विद्या भारती मध्य भारत, मोतीलाल कुशवाह विनायक शिशु मंदिर संस्थापक एवं समाज सेवी, दीपेश मेहता सह सचिव भारत भारती शिक्षा समिति मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नागर ने कहा कि यह पुरस्कार




केवल मेरा नहीं समस्त उन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा जो जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण के छोटे-छोटे प्रयास कर रहे हैं। आपसी सहभागिता और जन भागीदारी से ही यह संभव हो पाया है कि आज बैतूल जिले को पर्यावरण संरक्षण के रूप में एक प्रेरणा के नाम से जाना जाने लगा है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जल को बनाया नहीं जा सकता उसे संरक्षित करके हम आने वाली पीढियों का भविष्य संवार सकते हैं। श्री नागर ने कहा कि हमें अपने घरों के जल को संग्रहित करके इसका सदुपयोग प्रारंभ करना होगा खेत का पानी खेत में रोकते हुए मेड़ बंधान बोरी बंधान आदि कार्यों से भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। इसे एक अभियान के रूप में मानकर हमें आगे बढऩा होगा। यह जनभागीदारी से ही संभव है। कार्यक्रम में जल संरक्षण के गंगा अवतरण अभियान के सभी कार्यकर्ता, पर्यावरण संरक्षण के कार्य कर रही सभी स्वायित्व संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बैतूल के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रेरणादाई व्यक्तित्व है नागर: अग्रवाल

इस अवसर पर विद्या भारती के सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल ने श्री मोहन नागर को प्रेरणादाई व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि 1991 में जब मोहन नागर भारत भारती शिक्षा समिति के पदाधिकारी बने, तब से ही उन्होंने पर्यावरण संचेतना के कार्य प्रारंभ कर दिए थे, जनजातीय समाज के बीच जाकर, मृदा, जल जंगल, और समूचे पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के प्रति शिव ध्वज यात्रा के माध्यम से अनेकों जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों की यात्रा करते हुए समाज को जागरूक किया और समाज जागरण का यह कार्य आज तक अनवरत जारी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि लोगों के बीच जाकर उन्हें यह एक गंभीर चिंतन सहज ही समझा देना, कोई सरल कार्य नहीं था। श्री नागर के इस प्रयास को भारत सरकार द्वारा सराहना करते हुए यह पुरस्कार प्रदान करना बैतूल जिले के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में उत्तम राव गायकवाड़ गायत्री परिवार, संजीव शर्मा सत्य साईं सेवा समिति, श्रीमती रश्मि साहू महर्षि अरविंद शिक्षा समिति, तरुण वैद्य ग्रीन टाइगर, कौशलेश तिवारी संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद, प्रिया चौधरी जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, मयंक भार्गव (लोकंचल एवं जनादेश, अनिल उइके समाज सेवी बाचा विलेज, आनंद प्रजापति पार्षद नगर पालिका बैतूल एवं राजेश भदौरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### इछावर में सबसे ज्यादा बारिशः कीचड़ में फंसे वाहन और गिरा पेड़

**सीहोर।** मानसून सक्रिय है और बारिश का दौर जारी है। जिला भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, 2 जुलाई को जिले में औसतन 0.26 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही 1 जून से अब तक कुल औसतन 7.83 इंच वर्षा हो चुकी है। गुरुवार को हुई बारिश में इछावर में सबसे अधिक 0.83 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। सीहोर मुख्यालय पर 0.47 इंच और भैरूंदा में 0.43 इंच बारिश हुई। बुधनी में 0.16 इंच, रेहटी में 0.17 इंच और आष्टा में 0.04 इंच बारिश दर्ज की गई। श्यामपुर और जावर केंद्रों पर बारिश नहीं हुई। 1 जून से अब तक के आंकड़ों के अनुसार, आष्टा में सबसे अधिक 11.50 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके बाद भैरूंदा में 10.71 इंच और इछावर में 9.76 इंच वर्षा हुई है। जावर में 6.98 इंच, सीहोर में 6.96 इंच, बुधनी में 6.81 इंच और रेहटी में 6.39 इंच बारिश दर्ज की गई है। श्यामपुर में अब तक सबसे कम 3.54 इंच वर्षा हुई है। मानसून की पहली तेज बारिश के बाद जिले के कई इलाकों में यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। चंदेरी गांव, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बोरदी क्षेत्र में कीचड़ और पेड़ गिरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चंदेरी गांव के मुख्य मार्ग पर सड़क पर जमा मिट्टी बारिश के पानी से मिलकर दलदल में बदल गई। इस कीचड़ में एक भारी ट्रक फंस गया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा।

### पांच वर्ष से कृषि भूमि पर था अवैध कब्जा, धारा 250 की कार्रवाई के बाद हटा अतिक्रमण

# सिवनी मालवा में राजस्व विभाग की कार्रवाई से कब्जा मुक्त हुई जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

**जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में शासकीय एवं निजी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सिवनी मालवा राजस्व विभाग ने कृषि भूमि से वर्षों पुराना अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया पूरी की।**



जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में शासकीय एवं निजी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सिवनी मालवा राजस्व विभाग ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 250 के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम बांकाबेड़ी स्थित एक कृषि भूमि से वर्षों पुराना अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया पूरी की।

#### सीमांकन में सामने आया 0.430 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बांकाबेड़ी निवासी राममोहन रघुवंशी ने अपनी भूमि खसरा क्रमांक 3/1, रकबा 1.807 हेक्टेयर का ईटीएस मशीन से सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान पाया गया कि उक्त भूमि में से 0.430 हेक्टेयर (लगभग 1 एकड़ 6 डिसमिल) क्षेत्र पर अर्जुन सिंह रघुवंशी का अवैध कब्जा था।

#### धारा 250 के तहत चली न्यायिक प्रक्रिया

अवैध कब्जा नहीं हटाए जाने पर आवेदक ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 250 के अंतर्गत तहसीलदार न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान अनावेदक की ओर से निर्धारित अवधि में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। बाद में अनावेदक ने सीमांकन के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सिवनी मालवा के न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई, जिसे 2 जून 2026 को पारित आदेश के माध्यम से निरस्त कर दिया गया। इसके बाद तहसीलदार न्यायालय, सिवनी मालवा ने 16 जून 2026 को धारा 250 के तहत आदेश पारित करते हुए खसरा क्रमांक 3/1 की 0.430 हेक्टेयर भूमि से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश जारी किए।

#### राजस्व दल मौके पर पहुंचा, पहले ही हटाया जा चुका था कब्जा

न्यायालय के आदेश के पालन के लिए गठित राजस्व दल में राजस्व निरीक्षक श्याम सिंह तारे, हल्का पटवारी विपिन माछीवाल, राघवेंद्र शाक्य तथा शिवम मीना शामिल थे। दल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो पाया कि अनावेदक द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही संबंधित भूमि से अपना कब्जा हटा लिया गया था।

दल प्रभारी ने स्थल पंचनामा तैयार कर पूरी कार्रवाई का प्रतिवेदन धारा 250 के अनुपालन में तहसीलदार न्यायालय, सिवनी मालवा के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

#### अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई जारी

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजय राय के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जिले में शासकीय और निजी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। प्रशासन का कहना है कि भूमि संबंधी मामलों में न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई जारी रहेगी।

#### भूमि का होगा उपयोग

अवैध कब्जे की भूमि का उपयोग शासन अन्य शासकीय कार्या में कर पायेंगे, जिससे ग्राम पंचायत को अतिरिक्त आमदनी होगी ओर ग्रामीणों को बेहतर सुविधाये मिल सकेंगी।

## जमानत याचिका खारिज होने पर भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंगानामा के गाना गांव का है। स्टेशन रोड थाने में एफआईआर दर्ज अपराध क्रमांक 361/2023मधय प्रदेश शासन विरुद्ध प्रीतम भरिया , अरविंद पाराशर सचिव सहित अन्य आरोपी पर अपराध दर्ज किया गया था। यह मामला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय के द्वारा उक्त मामले में धोखाधड़ी,कूट रचना,के अपराध में 2 लोगो को 7 वर्ष की सजा आरोपी प्रीतम भरिया ने खुद को सुपाल सिंह बताकर बारसानसुनाई गई थी। आरोपी प्रीतम भरिया गोरी बाई को विभिन्न धाराओं में क्रमशः 3 वर्ष, 7 वर्ष 3 वर्ष 3 वर्ष 6माह की सजा सुनाई गई थी। तथा 2500 रुपए के जुर्माने की भी सजा सुनाई गई थी। मामले कि जानकारी अनुसार दिनांक 6/12/021 में तहसील कार्यालय पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में सिंगानामा पंचायत के गाना गांव में निवास करने वाले सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह की भूमि पर फर्जी तरीके से सुपाल सिंह की म्रतयू होने बताकर वारसानहोना बताकर फर्जी कूट रचित दस्तावेज के आधार पर सह सांथी गणों के साथ पटवारी राजस्व सचिव कोटवार सहित अन्य की मिली भगत से नामांकन दाखिल कराया गया था। तथा अन्य लोगों को यह सभी भूमि बेंचकर लाभ प्राप्त किया गया था। जबकि सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह ग्राम डोबतहसील माखन नगर बाब ई में निवास करते हैं।इन लोगों की यह भूमि थी।सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह ने उक्त मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य सभी जगह पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार जांच कराई तथा जांच के उपरांत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा नायब तहसीलदार को एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जारी किए गए थे। नायाब तहसीलदार ने फर्जी कूट रचित दस्तावेज संबंधित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया स्टेशन रोड थाने में। आरोपी गणों ने सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह को म्रत बताकर खुद उसके वारिसान बनकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर भूमि अपने नाम कर दी थी । प्रकरण में अन्य आरोपी गणों ने बड़ी बाई,सुखवती शकुन बाई हेमलता एवं पंचायत सचिव अरविंद पाराशर प्रदीप और गोकुल प्रसाद के फरार होने के कारण न्यायालय के द्वारा केवल 3लोगो पर विचार किया गया था। जिनमें एक आरोपी प्रवीण मेहरा पटवारी राजस्व की प्रकरण विचाराधीन होने के दौरान म्रतयू हो गई थी। उक्त मामले में लोक अभियोजक रविन्द्र सिंह राजपूत ने 37लोगो के साक्ष्य कराएं थे। उसके बाद आज वर्तमान में 3 वर्ष पूर्ण होने पर भी अरविंद पाराशर सचिव ने सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। इस मामले में स्टेशन रोड थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कि यह मामला अभी संज्ञान में लिया गया है। जल्दी ही परिणाम सामने होगे।

## हरिभूमि की फोटो स्टोरी



**नर्मदापुरम।** पिपरिया स्टेट हाईवे स्थित तवा नदी के सड़क मार्ग पुल की हालत खराब है। जिसके कारण जिला प्रशासन ने खस्ताहाल पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है। लेकिन लगातार भारी वाहनों की आवाजाही पुल से हो रही है। गुरुवार शाम भी एक ट्रक पुल से निकाला गया, जिसकी तस्वीर सोहागपुरवासी एक नागरिक ने हरिभूमि के साथ शेयर की है।

## एसडीएम कार्यालय स्थित मंदिर की दानपेटी पर चोर ने रात आठ बजे किया हाथ साफ, केस दर्ज

**चोरों के हौसले बुलंद, शहर के बीचों बीच के मुख्य बाजार के मंदिर में की चोरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर के मुख्य बाजार के बीच स्थित एसडीएम कार्यालय के परिसर में श्री हनुमान मंदिर बना है। जिसमें दान पेटी रखी हुई है। गुरुवार शाम अज्ञात चोर ने दान पेटी मंदिर से निकाली तथा पल्ला तोड़कर राशि लेकर भाग गया है। मामले में मंदिर पुजारी पं. भागीरथ व्यास ने बताया कि गुरुवार शाम सात बजे उन्होंने मंदिर की सफाई की। फिर बाहर के गेट पर ताला लगाकर घर चले गए। प्रतिमा के ठीक सामने का चैनल गेट खुला हुआ था।

गुरुवार रात आठ बजे आरती करने जब मंदिर पुजारी वापस आए तो देखा कि बाहरी गेट का ताला खुला था एवं मंदिर के अंदर रखी



दान पेटी गायब थी।

उन्होंने ढूंढा तो मंदिर के पीछे दान पेटी पड़ी मिली, जिसका पल्ला टूटा हुआ था तथा राशि गायब थी। पुजारी ने नियमित रूप से मंदिर आने वाले भक्तों को घटना की सूचना दी है।

#### चोरी या चुनौती..??

बताया जाता है इस मंदिर में पूर्व में भी चोरी हो चुकी है। नागरिकों के अनुसार सबसे चिंताजनक बात यह है कि मंदिर शहर के बीचोबीच एसडीएम कार्यालय परिसर में है। मंदिर से सोहागपुर एसडीओपी कार्यालय की दूरी भी कुछ फिट की है तथा बाजार बीट भी लगी हुई है। इसके बाद भी मंदिर में शाम सात से आठ बजे के बीच चोरी की घटना कारित किया जाना पुलिस के लिए चोर की ओर से चुनौती है।

मुख्य पुजारी पं. विनीत शर्मा ने बताया कि वे अभी शहर से बाहर हैं तथा वापिस नगर लौटकर पुलिस में इस संबंध में आवेदन देंगे।

## नवागत एसडीएम बाढ़ आपदा प्रबंधन व नरवाई प्रबंधन को लेकर की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

अनुभाग सोहागपुर में नवागत एसडीएम डॉ. बबिता राठौर ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष सोहागपुर में नरवाई प्रबंधन एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में बैठक आयोजित की है। इस दौरान उन्होंने जरूरी निर्देश अधीनस्थों को दिये हैं।

ई-गवर्नेंस असिस्टेंट मैनेजर अनुराग तिवारी ने बताया कि बैठक में जनपद पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, नगर परिषद के कर्मचारी, वार्ड प्रभारी तथा तहसील कार्यालय के पटवारी उपस्थित रहे। बैठक दौरान एसडीएम डॉ. राठौर ने नरवाई प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़



आपदा से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि विगत वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अनुभाग सोहागपुर के कई ग्राम नदी तट क्षेत्रों में स्थित हैं, इसलिए संवेदनशील गांवों की पहचान कर राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारी, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाए रखा जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल तथा उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाकिसं करेगा आंदोलन, 6 को देंगे जिला मुख्यालय पर धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

माखन नगर शुक्रवार को भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर की एक अति आवश्यक बैठक ग्राम शिवपुर में रखी गई संघ के उदय पांडेय ने बताया कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य मूंग खरीदी में किसान विरोधी निर्णय पारित किया है।

इसमें किसानों से प्रति एकड़ 1 कुंटल 20 किलो मूंग समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीदी जावेगी । इसी संदर्भ को लेकर भारतीय किसान संघ जिला नर्मदमपुरम द्वारा दिनांक 6 जुलाई दिन सोमवार को



जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन धरना प्रदर्शन किया जावेगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत के अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान उपस्थित रहे उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आंदोलन में किसानों को लेकर जाना है और गांव-गांव जाकर किसानों को सरकार द्वारा जो किसान विरोधी निर्णय लिया गया है उससे किसानों को अगवत कराना है ।

किसान संघ द्वारा तहसील के सभी किसानों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में 6 जुलाई को पीपल चौक नर्मदा पुरम पहंचकर किसान हित में अपनी आवाज बुलंद करें।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान संभागीय सदस्य बृजेश राजपूत जिला उपाध्यक्ष लखन लाल चौधरी जितेंद्र मीणा तहसील अध्यक्ष राजेश दीवान तहसील मंत्री गोपाल मीणा हितेश चौधरी गोविंद सीठा शुभम मीणा मोहित चौधरी जगदीश मीणा सुशील मीणा धर्मपाल जाट नरेंद्र कुमार मीणा कैलाश मीणा नितेश मीणा आरडी मीना भूरेलाल चंद्रवंशी शशिकांत मीना पुष्पराज राजपूत आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जगन्नाथ रथ यात्रा का 16 को होगा आयोजन

**सोहागपुर।** शहर में 16 जुलाई 2026 की शाम श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शारदा सेवा संघ द्वारा किया जाएगा।

#### पहली बार हो रहा आयोजन

आयोजन से जुड़े अधिवक्ता प्रांजल तिवारी ने बताया कि सोहागपुर में पहली बार हो रहे इस आयोजन में भक्तजन भगवान श्री जगन्नाथ के रथ को परंपरा अनुसार खींचकर आगे ले जाएंगे। तिवारी के अनुसार आज शाम पांच बजे विवेकानंद भावधारा शारदा सेवा संघ की निशुल्क क्लास परिसर में बैठक की जाएगी।

## शासकीय कन्या शाला में आयोजित हुआ सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं वेस्ट मैनेजमेंट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

नगर के शासकीय कन्या विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर परिषद सोहागपुर की ओर से छात्राओं को विविध उपयोगी जानकारियां दी गई।

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा स्वच्छता समन्वयक नीरज मलैया ने बताया कि कार्यक्रम में सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों से छात्राओं को अवगत कराया गया एवं इसके उपयोग से बचने की अपील की। विद्यार्थियों को वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को घर, विद्यालय एवं आसपास के



वातावरण को स्वच्छ रखने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। छात्राओं ने भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग कम करने, स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

**कैरियर मार्ग, समावेशिता, नवाचार और सामाजिक जुड़ाव पर दिया जोर**

# महाविद्यालय में दीक्षारंभ प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में 03 जुलाई 2026 को दीक्षारम्भ प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक लोकाचार,संस्थागत संस्कृति और विविध अवसरों से परिचित कराना था, ताकि उच्च शिक्षा में एक सहज और समृद्ध संक्रमण सुनिश्चित हो सके। उद्घाटन सत्र की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार रघुवंशी करने ने उद्देश्यों को औपचारिक रूप से पेश किया और आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप



से जिम्मेदार शिक्षार्थियों को पोषित करने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.ए. के यादव ने अपने संबोधन में जिज्ञासा, अनुशासन और ईमानदारी के मूल्यों पर जोर दिया, डॉ एस के सोनी ने कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने इंटरैक्टिव सत्रों, विशेषज्ञ वार्ताओं और परिसर अन्वेषणों के समृद्ध मिश्रण में भाग लिया, जो उन्हें कॉलेज जीवन के सभी पहलुओं से परिचित कराने के लिए डिज़ाइन किए गए थे I

डॉ रेखा पटेल ने रचनात्मक और भावनात्मक स्पर्श जोड़ते हुए, कार्यक्रम में आइस-ब्रेकिंग गतिविधियाँ, सांस्कृतिक प्रदर्शन और इंटरैक्टिव कार्यशालाएँ शामिल थीं, जो साथियों के बीच सौहार्द और संकाय के साथ गहरे संबंध को बढ़ावा देती हैं।

छात्र प्रेरण कार्यक्रम दीक्षा आरंभ ने वास्तव में नए छात्रों के लिए शैक्षणिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से एक मजबूत नींव रखी, जिसने एक सशक्त और परिवर्तनकारी शैक्षिक यात्रा की शुरुआत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के श्रीमती विजयश्री मालवीय श्री तनय सितोरे, श्री हरिओम पटेल डॉ रश्मि सोनी डॉ प्रीति गुप्ता डॉ निधि छीपा डॉ कैलाश विश्वकर्मा श्री अभिषेक गोलाईत श्रीमती अंजलि भट्ट एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### इन्होंने दिए वक्तव्य

कमल सिंह अहिरवार , गौरव बिल्थरिया,प्रेम नारायण परते द्वारा समान अवसर प्रकोष्ठ, संस्थान की नवाचार और एनएसएस द्वारा सत्र, जिसमें समावेशिता, नवाचार और सामाजिक जुड़ाव पर जोर दिया गया।

कैलाश गढ़वाल एवं डॉ नवनीत सोनारे ने छात्रों ने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं कॉलेज के शैक्षणिक बुनियादी ढाँचे और अनुसंधान सुविधाओं से खुद को परिचित किया।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में 1 से 3 जुलाई 2026 तक आयोजित प्रवेश उत्सव के तृतीय दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की अनुशंसाओं एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रवेश प्रभारी प्रो. धीरेन्द्र दुबे ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य प्रत्येक



विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास का आधार है। छात्राओं को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासित दिनचर्या एवं संतुलित जीवनशैली अपनानी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. रजनीकांत वर्मा ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, ध्यान, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. नीरज विश्वकर्मा ने छात्राओं को सकारात्मक संवाद, आत्मविश्वास एवं भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज विश्वकर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रजनीकांत वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्राओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी के बच्चों को सुपोषण किट वितरित

**हरदा।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 68 एवं 31 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को सेम बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर सुपोषण किट प्रदान किया। इस दौरान उन्होने सभी बच्चों को बिस्किट और टाफी वितरण किए और बच्चों के अभिभावकों को पोषण पुनर्वास केंद्र में स्वास्थ्य जांच करवाने एवं भर्ती करवाने की समझाइश दी।

### आरटीई में तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**हरदा।** आर.टी.ई. के तहत प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिये तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 3 जुलाई से शुरू हो चुकी है। जिला शिक्षा केन्द्र के सहायक परियोजना समन्वयक आनन्द अग्रवाल ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रवेश के बाद प्रायवेट स्कूलों में जो सीटें रिक्त रह गयी हैं, उन सीटों पर तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। इन रिक्त सीटों को आर.टी.ई. पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। उन्होने बताया कि प्रवेश हेतु नवीन आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएँगे तथा पुनः सत्यापन की प्रक्रिया भी नहीं होगी। वे आवेदक जिन्हें प्रथम एवं द्वितीय चरण में सीटों का आवंटन नहीं हुआ है वे तृतीय चरण में अपने पसन्द के रिक्त सीटों वाले विद्यालय को अपडेट कर सकेंगे। अग्रवाल ने बताया कि तृतीय चरण में जिले में कुल शेष 41 सीटों पर प्रवेश होना है।

### 9 को ग्राम मकड़ाई में लगेगी सांझ चौपाल

**हरदा।** ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला प्रशासन हरदा द्वारा ह्लसांझ चौपालह्व कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 9 जुलाई गुरूवार को सिराली तहसील के ग्राम मकड़ाई में सांझ चौपाल आयोजित होगी। इसमें मकड़ाई, गोमगांव, पीपल्या खुदिया (जूनापानी मकड़ाई), आमाखाल, जामूखो, पटाल्दा, रहटकला, खुदिया व सांवरी सहित आसपास के ग्रामों के नागरिक शामिल होंगे। यह चौपाल सायंकाल 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### 48 घंटे बाद नदी में मिला 12 साल के बालक का शव

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरदना में रहने वाले 12 वर्षीय बालक विशाल ठाकुर का शव शुक्रवार सुबह बरामद हुआ। विशाल बुधवार से लापता था। उसका शव ग्राम लोटिया और करणपुरा के बीच अजनाल नदी के बैकवाटर में तैरता मिला। विशाल अपने घर से कुछ अन्य बच्चों के साथ बकरी चराने निकला था। शाम को बकरियां तो घर लौट आईं, लेकिन विशाल नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की थी। गांव के ही दो बच्चों ने बताया कि गांव का एक 25 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक विशाल के साथ मारपीट कर रहा था। पुलिस ने जब विक्षिप्त व्यक्ति से पूछताछ की, तो वह कभी बालक को नदी में फेंकने तो कभी जमीन में गाड़ने की बात कह रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस, एसडीईआरएफ और लापता बालक के परिजनों ने मिलकर उसकी तलाश शुरू की। एसडीईआरएफ के जवानों ने गुरुवार को पूरे दिन करीब 50 किलोमीटर तक सर्चिंग की थी। शुक्रवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जा रहा है। पुलिस संदेही व्यक्ति से पूछताछ कर रही है और 12 वर्षीय बालक की मौत के कारणों की जांच की जाएगी। यह भी पता लगाया जाएगा कि उसके साथ कोई जोर-जबरदस्ती तो नहीं हुई।

### जिले में 24 घंटे से लगातार बारिश का दौर, नदी नाले उफान पर

# मगरधा में नदी के विकराल रूप लेने से गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मौसम विभाग ने शुक्रवार को अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जिले में सुबह से ही तेज बारिश का दौर जारी है, जिससे माचक नदी उफान पर आ गई है। इसके चलते मगरधा सहित दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। सुबह से छाए बादलों के बीच कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। हालांकि, लगातार बारिश से शहर के निचले इलाकों और कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। ग्रामीण क्षेत्रों में हुई अच्छी बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई कर चुके किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। वनांचल क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण ग्राम मगरधा के पास माचक नदी उफान पर है। नदी पर रतनपुर सहित दर्जनों गांवों को मगरधा से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे पुल के निर्माण के लिए रखी सामग्री नदी के तेज बहाव में बहने लगी। ठेकेदार के कर्मचारी निर्माण सामग्री को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मशक्कत कर रहे हैं।

भाजपा नेता दिलीप गोर ने बताया कि बारिश के चलते ग्राम मगरधा टापू में तब्दील हो गया है। बड़झिरी एवं हरदा मार्ग पर पानी भर गया है। वहीं, ग्राम महेंद्र गांव के पास माचक नदी का पानी पुल के ऊपर आने से सिराली-रहटगांव मार्ग भी बंद हो गया है। ग्राम रहटगांव के पास अजनाल नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक जिले में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों और नदी-नालों के आसपास सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही, पुल पर पानी आने की स्थिति में उसे पार न करने की भी सलाह दी गई है।

## जलमग्न होने की स्थिति में आवागमन नहीं होने के निर्देश

कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान हरदा की बंगाली कॉलोनी में रन्हाई रोड की पुलिया, सोहागपुर में सोहागपुर-मनियाखेड़ी की पुलिया, दूधकच्छ में रहटगांव रोड़ की पुलिया, रहटगांव में नजरपुरा-रहटगांव ब्रिज, ग्राम बड़वानी में गांव की पुलिया तथा ग्राम सोडलपुर में हंसावती नदी की पुलिया का निरीक्षण किया। वर्षा के मौसम को ध्यान रखते हुए सभी पुल पुलियाओं पर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। पुल पुलियाएं जलमग्न होने की दशा में पुल से यात्रियों एवं वाहनों का आवागमन न होने दिया जाए। उन्होंने जलमग्न होने वाली पुल पुलियाओं पर बैरिकेड व आवश्यक सूचना पटल लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित पुल निर्माण से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।



### 27.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले में गत चौबीस घंटों में 27.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 50.8 मि.मी., टिमरनी में 63.7 मि.मी., खिरकिया में 12.8 मि.मी., सिराली में 7.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 184.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 228.7 मि.मी., टिमरनी में 185 मि.मी., खिरकिया में 175.8 मि.मी., सिराली में 145.8 तथा रहटगांव में 185.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

### कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस

## कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार को चार प्रमुख मुद्दों को लेकर घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार दोपहर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार को चार प्रमुख मुद्दों पर घेरा। इन मुद्दों में राम मंदिर चंदा चोरी, नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी और उज्जैन जमीन घोटाला शामिल थे। कांग्रेस ने इन मामलों में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन साई, जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद व्यास, सुरेंद्र पटेल और गोविंद सुरमा मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष साई ने नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कहा कि इससे देश के लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है, और कई छात्रों ने आत्महत्या कर ली है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अब तक दोषियों की पहचान नहीं की है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की है। साई ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया, लेकिन ट्रस्ट में बैठे लोगों ने करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद व्यास ने आरोप लगाया कि भाजपा ने साजिश के तहत अयोध्या के श्री राम मंदिर पर आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद का कब्जा कर लिया है, जबकि अयोध्या संतों की नगरी है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा धीरे-धीरे देश के सभी प्रमुख मंदिरों पर कब्जा जमा रही है। जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर निशाना साधते हुए उज्जैन में 350 एकड़ जमीन मुख्यमंत्री के परिजनों द्वारा खरीदने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि यह मुद्दा एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने उठाया है। गार्गव ने कहा कि जब कांग्रेस ने इस पर मुख्यमंत्री से जवाब मांगा, तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया।

उन्होंने नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। गार्गव ने आगे कहा कि अयोध्या में जो कार्रवाई हो रही है, वह चंपत राय और उनके करीबियों को बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर अब तक कुछ नहीं कहा है और पूरे मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

### सीईओ जिला पंचायत ने आजीविका मिशन के लक्ष्यों की समीक्षा की

## कंपोनेंट्स के लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत प्रगति समय-सीमा में अर्जित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला पंचायत कार्यालय हरदा के सभाकक्ष में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉफ की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए मिशन के सभी घटकों की विकासखंडवार प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत की सीईओ जोसेफ ने मिशन कर्मचारी एवं बैंक सखियों से लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त प्रगति पर चर्चा की। समीक्षा के दौरान उन्होने स्वसहायता समूह बैंक लिंकेज, स्वसहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन के गठन एवं सशक्तिकरण की प्रगति, लोकोष ट्रांजेक्शन पार्ट इंट्री, डिजिटल लेन-देन की ऑनलाइन फीडिंग, आजीविका रजिस्टर इंट्री की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त सभी कंपोनेंट्स के लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत प्रगति समय-सीमा में अर्जित करें। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण व सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजित

## एलिम्को टीम ने दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

शुक्रवार को जनपद पंचायत खिरकिया में जिले के दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग वितरण एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविर में ऐसे दिव्यांग हितग्राही जिन्हें कृत्रिम अंग की आवश्यकता थी, उन्हें एलिम्को टीम विशेषज्ञों के माध्यम से तत्काल स्थान पर ही कृत्रिम अंग बनाकर हितग्राही को प्रदान किये गए। इस दौरान एडिप स्कीम अंतर्गत ऐलिम्को टीम द्वारा दिव्यांगजन हेतु सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, स्टिक, श्रवण यंत्र इत्यादि वितरण हेतु चयन किया गया।

उप संचालक श्री सिंह ने बताया कि शिविर में जिले से कुल 50 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिसमें से 31 दिव्यांग जनों का चिन्हांकन हुआ। इनमें से 2 हितग्राहियों के हाथ पैर हेतु कृत्रिम अंग कैलिपर बनाकर प्रदान किए गए एवं सहायक उपकरण हेतु 11 हितग्राहियों का चयन किया गया। वृद्ध जनों की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 6 हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा द्वारा 4 यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन के संबंध में कार्रवाई की गई। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कमलेश सिंह ने बताया कि एलिम्को टीम एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा के विशेषज्ञों के सहयोग से जिले के दिव्यांगजनों को लाभान्वित किए जाने हेतु निशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किये गए थे। विकासखंड स्तर पर आयोजित तीनों शिविरों में जिले से कुल 23 दिव्यांगजनों के कृत्रिम हाथ पैर बनाकर उन्हें तत्काल लाभान्वित किया गया एवं 64 दिव्यांग जनों का सहायक उपकरण वितरण हेतु चयन किया गया। इस दौरान वृद्ध जनों की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण वितरण हेतु 12 वृद्ध जन का चयन किया गया।

### बाइक चोरी करने की बात भी कबूल की

## बाइक चोरी मामले में बेचने व खरीदने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी चोरी की बाइक बेचने वाला और दूसरा उसे खरीदने वाला है। पूछताछ में आरोपियों ने एक महीने के भीतर दो बाइक चोरी करने की बात भी कबूल की है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि नकवाड़ा निवासी केवलराम पिता मोतीराम सोलंकी ने 1 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 1:15 बजे उनकी बाइक (एमपी-09 जेड-6773) घर के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर आरक्षक गजेंद्र, महेंद्र और चालक सोनू ने रहटगांव के शासकीय अस्पताल के पास खड़ी एक संदिग्ध बाइक की जांच की। चेसिस नंबर का मिलान करने पर वह चोरी की बाइक निकली। इसके बाद पुलिस ने जामसिंह पिता मंगलसिंह उइके निवासी महेंद्रगांव (हाल निवासी कसाईखेड़ा, थाना धारणी, जिला अमरावती, महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जामसिंह ने बताया कि उसने यह बाइक भगवानपुर निवासी रामदास पिता बुद्ध काजले से खरीदी थी। पुलिस ने रामदास को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने यह भी बताया कि उसने करीब एक महीने पहले रहटगांव बाजार से एक अन्य बाइक चोरी कर जामसिंह को बेच दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### मानसूनी बारिश खरीफ फसलों की बुवाई अंतिम चरण में

## तेज वर्षा से शिवना में फसलों को नुकसान



**झिरन्या।** क्षेत्र में मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है और खरीफ फसल की बुवाई का दौर अंतिम चरण में पहुंच गया है। हालांकि फसलें अंकुरित होने लगी है और किसानों को कहीं-कहीं अंकुरण का इन्तजार है। जबकि शिवना में फसलें नष्ट होने की ख़बर मिली है। गुरूवार को अपरान्ह कई क्षेत्रों में तेज और कहीं-कहीं रिमझिम बारिश हुई है। जिससे शिवना के पूरण पिता कैलाशसिंह के खेत की काफी मिट्टी बह गई,जिससे कपास की फसल को नुकसान पहुंचा है। साथ ही उसके पड़ोसी किसान प्रवीण-अर्जुनसिंह के खेत की तीन एकड़ की मक्का की फसल जमींदोज हो गई। वहीं दूसरी ओर मोहन-राजसिंह की सोयाबीन फसल को भी नुकसान पहुंचा है। तहसीलदार खुमानसिंह चौहान ने बताया कि हल्का पटवारी लखन सेन वहां पहुंचकर मौका-पंचनामा बनाया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बबलू धुर्वे,पूर्व सचिव संदीप सिंह और कृषकों में पूरण, मोहन,प्रवीण,दीपक,महेंद्र,शिवम आदि मौजूद थे।

### मूंग खरीदी के 33 उपार्जन केंद्र निर्धारित




**हरदा।** विपणन वर्ष 2026-27 में ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए हरदा जिले में कुल 33 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी सूची के अनुसार हरदा तहसील में 6, हंडिया में 3, सिराली में 5, रहटगांव में 5, टिमरनी में 9 और खिरकिया में 5 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। शुक्रवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन उपार्जन कार्य से जुड़ें अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि उपार्जन कार्य में किसानों को कोई दिक्कत न आए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी केन्द्रों पर खरीदी के उपयुक्त इंतजाम हों।

### ग्रामीण बीबीजी राम जी का ग्राम पाटन में हुआ शुभारंभ

# अब मजदूरों को मिलेगा 125 दिन काम: सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण बीबीजी राम जी के जिले में भव्य शुभारंभ को लेकर ग्राम पाटन में गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ग्रामीणों के द्वारा लाइफ सूना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए।

ऐतिहासिक जिलास्तरीय कार्यक्रम से ग्राम पाटन सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों में हर्ष खुशी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय का जौरदार स्वागत कर अभिनंदन किया। विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामीणों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों के सृजन और आजीविका को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विकसित भारत-बाबाजी राम जी अधिनियम को लाया गया है। बीबी जीरामजी योजना से अब ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को नियमित 125 दिन से अधिक पक्का काम और मजदूरी के रूप में प्रतिदिन 327 रूपये मिलेंगे। उन्होने कहा कि बीबी जीरामजी योजना से ग्रामीण के जीवन स्तर में सूधार होगा और सशक्त ग्राम समृद्ध भारत विकसित राष्ट्र के संकल्प को भी हमसब मिलकर पूरा करेंगे। विधायक राय ने भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में ग्रामीण क्षेत्रों की भागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय के निर्देशन में सशक्त ग्राम समृद्ध भारत विकसित राष्ट्र का संकल्प लिया और ग्राम पंचायत परिसर में पर्यावरण संवर्धन का संदेश देते हुए सघन पौधरोपण किया। विधायक राय ने उपस्थित ग्रामीणों से पौधों की उचित देखरेख करने का आग्रह भी किया। जिला पंचायत की सीईओ सर्जना यादव,जनपद पंचायत सीइओ नामिता बघेल वकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण बीबीजी राम जी की विस्तुत जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाऐं पहनाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मेवाडा, भूपेंद्र पाटीदार,भाजपा जिलामंत्री गिरीश सोलंकी लालू बना, सांसद प्रतिनिधि गायाराम गौर,दिनेश मेवाड़ा,मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा आदि ने स्वागत किया।

